### एक नजर

#### जल कर वृद्धि पर भाजपा की बदलती भूमिका पर सवाल

**हरदा** नगर पालिका परिषद की बैठक 29 अगस्त 2025 को आयोजित सामान्य सम्मेलन में जलकर की मासिक दर 75 से बढ़ाकर 200 करने का निर्णय भाजपा पार्षदों के द्वारा बहुमत से पारित किया गया। परिषद में यह कहा गया कि प्रति कनेक्शन लगभग 563 प्रतिमाह खर्च आ रहा है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जलकर वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव का संचालन स्वयं नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल द्वारा किया गया था। इतना ही नहीं, ?300 प्रतिमाह तक की वृद्धि का प्रस्ताव भी उनके द्वारा ही रखा गया था, जिसे बाद में 200 पर पारित किया गया। उस समय कांग्रेस पार्षदों ने परिषद के अंदर स्पष्ट रूप से कहा था कि 75 से सीधा 200 करना अन्यायपूर्ण है। कांग्रेस ने खुलकर इस प्रस्ताव का विरोध कर था और मांग रखी थी कि यदि दर बढ़ानी ही है तो उसे 100 प्रतिमाह किया जाए। यह बात परिषद की कार्यवाही में दर्ज है और उसके वीडियो प्रमाण भी उपलब्ध हैं।

## शुद्ध हवा के लिये लगे पौधों पर चली कुल्हाड़ी

### विधायक वृक्ष मित्र योजना, अपने लोग ही कटवा रहे हैं पौधे



विधायक वृक्ष मित्र योजना के पौधे बने पेड़ अब हो गये हैं गायब

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 27 फरवरी** पर्यावरण में सुधार लाने के लिये एवं सभी को शुद्ध हवा मिले इसके लिये करीब 9 साल पहले स्थानीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की प्रेरणा से शहर को सुंदर बनाने के लिए विधायक मित्र योजना के तहत लगभग 5000 पौधों का पूरे शहर में पौधरोपण किया गया था जिससे कई आज बड़े-बड़े पेड बनकर शहर की हरियाली बढ़ा रहे हैं वहीं अधिकांश पर स्वार्थी तत्वों की नजर लग गई और उन्हें काटा और उजाड़ा जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण न्यास कालोनी के महावीर स्कूल की पूर्व दिशा में बन चुके मुख्य द्वार के सामने देखा जा सकता है जहां विधायक वृक्ष मित्र योजना के लगभग 50 से 60 वृक्षों को काट दिया गया है और ठेकेदार द्वारा इतनी सफाई से काटा जा रहा है कि एक दिन पहले पेडों को उपर जेसीबी मशीन चलाकर उन्हें घायल किया जाता है दूसरे दिन जाकर उनका तना सहित उखाड दिया जाता है. नाली बनाने के नाम पर कई पेडों की बलि दे दी गई. लेकिन उसके बदले में नपा प्रशासन द्वारा कहीं भी शहर में वृक्ष नहीं लगाये. उल्लेखनीय बात यह है कि उक्त मुख्य द्वार के भूमि पूजन समारोह में विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका के पार्षद और अधिकारी भी मौजूद थे। यह पेड़ किसने काटे इसका पता नहीं चल पा रहा है। स्कूल के गेट बताने वालों का कहना है यह पेड़ नगरपालिका ने काटे हैं। पर नगर पालिका में कोई भी जिम्मेदार कुछ बोलने को तैयार नहीं है। सिर्फ यही नहीं माता मंदिर अस्पताल रोड एफसीआई रोड, न्यास कॉलोनी पेट्रोल पंप रोड, स्टेशन के पास. सूरज गंज के सामने, गर्ल्स स्कूल, गर्ल्स कालेज के पास, अस्पताल परिसर के बाउंड्रीवाल से लगे वृक्षों को काट दिया गया विधायक मित्र योजना को असफल करने में विधायक के अपने करीबी, अपनी दुकान, मकान के सामने कोई पेड़ पौधा न दिखे इसके लिये सबसे अधिक पेड़ों की कटाई उन्हीं के लोगों ने कराई है।

रजत मिश्रा ने बताया कि कान्वेंट स्कूल के साइड में जो वृक्ष दिख रहे हैं उनमें दुकानदारों का सहयोग मिला है. उन्होंने सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोडी. हमने पौधों को समय पर पानी दिया तथा ट्री गार्ड चोरी हो जाने पर उन्हे तत्काल बदल दिया गया. बताया जाता है कि शहर में पिछले 10 वर्षों में जो पोधे लगाये गये थे उसमें से कुछ बचे हैं वह शहर की हरियाली को बढावा दे रहे हैं. बाकी पोधों को लोगों ने अपने मतलब से उखाड कर या काटकर फेंक दिये. क्योंकि उनकी दुकान, शो रूम के सामने आ रहे थे.

**इनका कहना है कि**

योजना के सफल होने के परिणाम शहर वासियों को दिख रहे हैं लेकिन जो लोग पेडों को कटवा रहे हैं उनकी जानकारी लेकर कार्यवाही की जावेगी.

**डॉ सीतासरन शर्मा विधायक**

## अखंड निराहारी संत श्री दादा गुरु का नगर में हुआ आगमन



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 27 फरवरी** मां नर्मदा तट बांद्राभान स्थित दिवस बसेरा में अखंड निराहार सिद्ध महायोगी दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा का आगमन हुआ। जहां पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगणों द्वारा गाजे बाजे और पुष्पवर्षा के साथ दादा गुरू और संत, महात्मा और परिक्रमावासियों की अगवानी की गई।

इस दौरान समूचा नगर धर्ममय हो गया। श्री दादा गुरू के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा पड़ा। दिवस बसेरा में परिक्रमावासियों द्वारा विशाल भंडारा ग्रहण किया गया। दो घंटे विश्राम के बाद श्री दादा गुरू नगर भ्रमण करते हुए साहू धर्मशाला स्थित दादा कुटी पहुंचे। दिवस बसेरा में अगवानी करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा अपनी सुमधुर कंठ ध्वनि से श्री दादा गुरू, संत, महात्माओं और परिक्रमवासियों का ओजस्वी भाषण से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आज बड़ी सौभाग्य की बात है कि हमारे नर्मदांचल में अखंड निराहारी श्री दादा गुरू आगमन हुआ और उनकी सेवा करने का मौका मिला। यहां श्री दादा गुरू द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती यादव को आशीर्वाद दिया गया। श्री दादा गुरू द्वारा दिवस बसेरा परिसर में त्रिवेणी स्वरूप एक साथ तीन वृक्ष पीपल, नीम और वटवृक्ष का पौधरोपण पूरे मंत्रोच्चार के साथ किया गया। बड़ी संख्या में साधु संत महात्मा और श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## श्री तिवारी ने जिला पंचायत की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 27 फरवरी** संभागायुक्त नर्मदापुरम् के.जी. तिवारी ने शुक्रवार को जिला पंचायत हरदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन अभिलेखों, विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर स्थापना, लेखा, और विकास शाखा के रजिस्टरों एवं फाइलों की जांच की। उन्होने निरीक्षण के दौरान मनरेगा शाखा में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्री राजेन्द्र प्रहलाद से ई-ऑफिस संचालन की जानकारी ली। इस दौरान एक फाइल मेन्यूअली भेजी गई, जिस पर संभागायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने निर्देशित किया कि सारी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी उपयोग किया जाए।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि प्रथम किश्त का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त की राशि के भुगतान किया जाए। उन्होने स्वच्छता मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने ग्राम स्वराज संस्थान के कर्मचारियों का जिला पंचायत के कार्यों में सहयोग लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सेवा पुस्तिकाओं, कैशबुक और भंडार पंजी के उचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के कड़े निर्देश दिए। उन्होने ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबन्धक रामनिवास कालेश्वर को निर्देशित किया कि बैंक शाखा प्रबन्धकों से चर्चा कर स्वीकृत प्रकरणों में राशि वितरण का कार्य पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीणा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खैरूआ में प्राथमिक शाला डेढ़ बजे बंद

**पिपरिया** शासकीय प्राथमिक शाला खैरूआ दिन के डेढ बजे बंद मिली। पिपरिया विकासखंड के अंतर्गत अनेको ग्रामो में शासकीय प्राथमिक शालाओ की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कई स्कूलो में विद्यार्थियों की संख्या कम है तो कई स्कूलो में शिक्षक अपडाउन करने के कारण समय पर नही पहुंचते वही समय से पूर्व स्कूल बंद कर आ जाते है। मध्यान्ह भोजन की स्थितियां भी बच्चो के अनुसार नियमानुसार नही है। इसी प्रकार का हालात ग्राम खैरूआ में दोपहर डेढ बजे शासकीय प्राथमिक शाला बंद मिली। इस संबंध में मध्यान्ह भोजन के बाद शिक्षक बच्चो को छुट्टी कर चले गये है।

### जिला प्रबंधक श्री झेरवार द्वारा किया लोक सेवा केन्द्रों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम/27,फरवरी,2026/** जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधक श्री आनंद झेरवार ने लोक सेवा केंद्र बनखेड़ी, पिपरिया और उप लोक सेवा केंद्र खॉपरखेड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने केंद्रों की व्यवस्था, प्राप्त आवेदनों और ऑनलाइन प्रविष्टि की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री झेरवार द्वारा बनखेड़ी केंद्र में कुछ आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं होने, साफ-सफाई की कमी, और ऑपरेटरों के यूनिफॉर्म में न होने पर निर्देश दिए गए। पिपरिया केंद्र में आवेदनों के सेवावार रजिस्टरों और प्रिंट आउट की जांच की गई, और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खॉपरखेड़ा केंद्र में मुख्य सेवाओं और शुल्क की जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

## रंगोली प्रतियोगिता और दिखाई गई डाक्यूमेंट्री फिल्म



**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 27 फरवरी** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के निर्देशन व महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम संयोजक पंकज बैरवा ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में आज रंगोली प्रतियोगिता और विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान के साथ ही भारत के महान भौतिकशास्त्री सर सीवी रमन के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का भी प्रसारण किया गया। रंगोली प्रतियोगिता श्रीमती सुषमा यादव व सुश्री शिवानी मालवीय द्वारा संचालित की गई।

रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ राजकुमार पटवा व डॉ आकांक्षा यादव उपस्थित रही। कल समापन दिवस पर अतिथि व्याख्यान के साथ ही पुरुस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ क्षमा मेहरा, डॉ मनीष शर्मा, डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ सुमन अवस्थी, श्रीमती मंजू मेहरा, श्रीमती सन्ध्या गोलियां, स्वस्तिक रावत व अशोक मेहर का सराहनीय योगदान रहा।

## युवक ने फांसी लगाई

**पिपरिया** पिपरिया से सटे ग्राम हथवांस में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हथवांस ग्राम में राहुल कुशवाहा उम्र 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की जानकारी देते हुए परिजनो ने बताया कि गुरूवार को प्रात: राहुल को घर में फंदे पर लटका देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्डम हेतु शासकीय अस्पताल पहुंचाया व मर्ग कायम कर जांच में लिया ।एसआई एसपी तिवारी ने बताया कि मौर्य वार्ड हथवांस निवासी राहुल पिता हरीशंकर उम्र 30 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाई जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने पहुंच मौका पंचनामा कार्रवाही कर शव को शासकीय चिकित्सालय पोस्टमार्डम हेतु भेजा।

## गिरिराज जी पर दुग्धाभिषेक का आयोजन हुआ

**पिपरिया** बालकृष्णलाल जी की हवेली श्रीबल्लभसुखधाम में होली धुरेडी के अवसर पर प्रतिदिन प्रात: से देर रात्रि तक कार्यक्रमो का आयोजन चल रहा है। श्रीगिरिराजजी की तरहटी में गिरिराजजी पर प्रात: दुग्धाभिषेक का आयोजन हुआ ।ओमप्रकाश योगेन्द्र जावंधिया परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैष्णवजनो से शामिल होकर भजन, कीर्तन व रसिया में भाग लिया।

## आचार्य के जन्मदिन पर छात्रों ने भेंट किये पौधे

### सरस्वती शिशु मंदिर ईशरपुर में पौधे भेंट कर विद्यार्थियों की विदाई

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 27 फरवरी** सरस्वती शिशु मंदिर ईशरपुर में विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह कुशवाहा ने की। इस अवसर पर संस्था के पूर्व आचार्य गोविन्द पटैल विशेष अतिथि एवं पूर्व आचार्य मकरन सिंह कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व आचार्य गोविन्द पटैल के जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थियों ने उन्हें पौधा भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर अध्ययन करने तथा जीवन में उच्च आदर्श अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। समारोह में अंतिम कक्षा के सभी भैया-बहनों को स्मृति स्वरूप पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व आचार्य लीलाधर कुशवाहा ने किया।

इस अवसर पर आचार्य शैलेन्द्र राजपूत, रंजना राजपूत, बृजेश कुशवाहा, शांति कुशवाहा एवं हेमलता सोनी सहित अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


## शिवानुज प्ले स्कूल में किड्स टैलेंट फेस्टिवल




**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 27 फरवरी** शहर के शिवानुजा प्ले स्कूल में 3 दिवसीय किड्स टैलेंट फेस्टिवल का शुभारंभ गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद एवं समाजसेवी सुप्रिया पटेल तथा प्रमिला ठाकुर उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्कूल की संचालक विभूति गौर ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में बच्चों द्वारा विभिन्न आकर्षक और रचनात्मक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिनसे उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास का विकास होता है। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था की वाइस प्रिंसिपल समीक्षा त्यागी, सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा, माधुरी शर्मा उपस्थित रहीं। पहले दिन हुई ।प्रतियोगिताओ के विजेताओं में प्री नर्सरी के कप बैलेंसिंग में प्रथम आयांश तिवारी,द्वितीय रिशान पवार,तृतीय राशिका ठाकुर रही। जंपिंग रेस में प्रथम शिवाय जाट,द्वितीय हिमांश शर्मा, तृतीय आर्यमन जाट रहे। राइम्स में प्रथम शिवाय चौरे, द्वितीय योगित गेहलोत, तृतीय नीर बिश्नोई रहे।

## सिद्ध अवधूत महायोगी दादा गुरू की निराहार चतुर्थ परिक्रमा आज

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 27 फरवरी** धर्म, धरा, धेनु संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के संदेश को लेकर निकली सिद्ध अवधूत महायोगी दादा गुरु की निराहार चतुर्थ परिक्रमा आज नर्मदापुरम जिला की सीमा में प्रवेश कर गई। जिले में प्रवेश के साथ ही श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

यह परिक्रमा प्रकृति संरक्षण, गौसेवा और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दे रही है। दादा गुरु के साथ हजारों परिक्रमावासी श्रद्धा और अनुशासन के साथ पदयात्रा कर रहे हैं। यात्रा आज उमरधा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। परिक्रमा का रात्रि विश्राम सांडीया में निर्धारित है। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं दर्शन के लिए हजारों लोग एकत्रित हुए। उल्लेखनीय है कि दादा गुरु यह परिक्रमा पूर्णत: निराहार रहकर कर रहे हैं। पिछले चार वर्षों से चल रही मां नर्मदा परिक्रमा का यह चतुर्थ चरण है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और नैतिक जीवन मूल्यों का विशेष संदेश दिया जा रहा है। दादा गुरु की यह चतुर्थ निराहार परिक्रमा क्षेत्र में आस्था, सेवा और पर्यावरण चेतना का केंद्र बनती जा रही है।

## अवकाश दिवसों में खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**नर्मदापुरम** महानिरीक्षक पंजीयन के निद्रेशानुसार जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने हेतु तथा शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये माह मार्च 2026 में होली अवकाश छोड़कर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों में जिला पंजीयक कार्यालय एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे। जिला पंजीयक नर्मदापुरम श्री राजीव सोर्ते ने समस्त उप पंजीयकों को निर्देशित किया है कि माह मार्च 2026 में होली अवकाश छोड़कर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों में जिला पंजीयक कार्यालय एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेगें।

## करीब दस वर्ष बाद हुई मंडी में मंडी इंस्पेक्टर की नियुक्ति, राजपूत ने संभाला पदभार

**नवभारत न्यूज**

**खिरकिया।** स्थानीय स्थित कृषि उपज मंडी में मंडी निरीक्षक के रूप में अशोक राजपूत ने पदभार ग्रहण कर लिया है। हरदा जिले सहित आस पास के जिलो की नामी मंडी में शुमार और नक़द भुगतान के लिय अपनी अलग साख रखने वाली यह मंडी लंबे समय से कर्मचारियों की कमी से झुझ रही हे जानकारी के अनुसार खिरकिया मंडी में मंडी इंस्पेक्टर के चार पद स्वीकृत हे जो विगत वर्ष 2015 से ख़ाली हे इतने लंबे सालो क़रीब दस वर्ष के इंतज़ार के बाद इस मंडी को मंडी निरीक्षक के रूप में एक इंस्पेक्टर मिला हे अभी भी तीन पद ख़ाली हे हालाकि अशोक राजपूत सहायक मंडी निरीक्षक के रूप में पूर्व में भी खिरकिया मंडी में क़रीब तीन वर्ष अपनी सेवा दे चुके हे , प्रमोशन के बाद मंडी निरीक्षक के रूप में अशोक राजपूत अब पुन खिरकिया मंडी में अपनी सेवा देगें । किसानों और व्यापारियों ने उनका स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में मंडी की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी.

## आमखेड़ी में चल रही भागवत में बाल चरित्र की लीला



**नवभारत न्यूज**

**नर्दपपुरम, 27 फरवरी** जिले के माखन नगर विकासखंड के गांव आमखेड़ी में चल रही भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रोता उमड़ रहे हैं। कथा में गुरुवार को भगवान की बाल लीलाओं के प्रसंग का वर्णन बहुत ही भावपूर्ण तरीके से कथा व्यास पंडित सद्भाव तिवारी ने किया। भगवान की लीलाओ का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने कंस के अत्याचार से बृजवासियों को बचाने के लिए अनेक प्रकार की लीलाएं की। भगवान ने इंद्र के अहंकार का शमन करने लिए गोवर्धन पर्वत को धारण किया और लोगों को रक्षा की।

उन्होंने इस लीला के माध्यम से हमे पर्यावरण संरक्षण का भीए संदेश दिया। उन्होंने कहा का हरेक चरित्र और लीला हमें कोई न कोई संदेश देती है। हमें उस कथा या चरित्र के भाव को और उसमें छिपे संदेश को समझना चाहिए। बाल लीलाओं के उपरांत, महारास, कंस वध, ओर रुक्मिणी मंगल प्रसंग की कथा भी हुई। इसी दौरान भगवान ने उद्धव जी को भी बताया कि प्रेम सबसे ऊपर है। शनिवार को कथा का विश्राम होगा।

**एडिप योजना** — दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित, अधिकारियों कर्मचारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

## दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान हेतु जागरुकता कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/27,फरवरी,2026** / जिला प्रशासन नर्मदापुरम, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा सीआरसी भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला पंचायत नर्मदापुरम परिसर में दिव्यांगजनों का जन-जागरूकता एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.टी.डी.धरियाल, वरिष्ठ सलाहकार दिव्यांगता सीबीएम इंडिया, पूर्व उप मुख्य आयुक्त, दिव्यांगता एवं सदस्य सचिव, पुनर्वास परिषद, भारत सरकार, राज्य दिव्यांगजन आयुक्त दिल्ली, आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर सोनिया मीना एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सीआरसी भोपाल के विषय विशेषज्ञों ने महिला एवं बाल विकास, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा, केंद्रीय जिला जेल तथा सामाजिक न्याय विभाग से जुड़े शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं की शीघ्र पहचान, शीघ्र हस्तक्षेप एवं स्क्रीनिंग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व से चयनित दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही जिला मेडिकल बोर्ड नर्मदापुरम द्वारा दिव्यांग बच्चों की त्वरित स्क्रीनिंग कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए। नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों की जांच कर प्रमाण पत्र बनाए गए तथा पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए। कुछ हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ई-साइकिल भी प्रदान की गई। साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे दिव्यांगजनो के के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में डॉ. अजय खेमरिया आयुक्त दिव्यांगजन म.प्र. शासन डॉ. नरेन्द्र कुमार निदेशक सी.आर.सी. भोपाल, श्री शशिभूषण निदेशक श्री विकास दुबे, डिप्टी कलेक्टर बबिता राठौर, समन्वयक डी.एस. दांगी महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपक डेहरिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरसिंह गहलोत तथा जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।